<u>कार्यालय – जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)</u>

// महत्वपूर्ण सूचना //

लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम जशपुर, कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) हेतु **ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क, रिसेप्शनिस्ट कम डाटा एन्ट्री ऑपरेटर** एवं **ऑफिस प्यून(मुंशी/अटेंडेट)** के विभिन्न पदों पर भर्ती के संबंध में अभ्यर्थियों के दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत, पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जिला न्यायालय जशपुर के वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है ।

अतः **ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क हेतु** पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की **कौशल परीक्षा की संभावित तिथि** <u>16.03.2024</u> को तथा **रिसेप्शनिस्ट कम डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद हेतु** पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की **कौशल परीक्षा** की **संभावित तिथि** <u>17.03.2024</u> के **प्रातः 10:00** बजे **जिला न्यायालय जशपुर के सभागार कक्ष(प्रथम तल)** में लिया जाना सुनिश्चित किया गया है । **यदि उक्त परीक्षा की तिथि में कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना कार्यालय के वेबसाईट** <u>https://jashpur.dcourts.gov.in</u> **के माध्यम से दी जाएगी ।**

अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने के 01 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होवें ।

<u>**ऑफिस प्यून(मुंशी/अटेंडेट) के पद पर भर्ती के संबंध में साक्षात्कार की सूचना पृथक से प्रकाशित की जावेगी ।**</u>

<u>अभ्यर्थियों का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट किया जाता है कि **परीक्षा के लिए उन्हें पृथक से रोल नंबर आबंटित नहीं किया जावेगा, पात्र सूची में अभ्यर्थियों का जो पंजीयन क्रमांक उल्लेखित किया गया है, वही उनका रोल नंबर भी रहेगा, जिसे उन्हें कौशल परीक्षा में प्राप्त उत्तरपुस्तिका में उल्लेखित करना होगा ।**</u> अभ्यर्थियों का ध्यान विशेष रूप से इस ओर भी आकृष्ट किया जाता है कि यदि किसी कारणवश नियत तिथि को परीक्षा लिया जाना संभव नहीं होता है तो उसके आगामी दिवस को अभ्यर्थियों की परीक्षा ली जा सकेगी । अतः उक्त संबंध में परीक्षा हेतु अपने रहने, भोजन आदि की व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की ही होगी । उक्त संबंध में अभ्यर्थी अपने स्वयं की पूर्व तैयारी से ही आएँगे ।

सही/–
(अध्यक्ष)
चयन समिति
कार्या. जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)

Desk/LDCS/Letter(Suchna)